Adda247
GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 13/08/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Awareness**

**Q.1** ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत में मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार निम्नलिखित में से किस वर्ष लागू किए गए थे, जिनका उद्देश्य भारत में धीरे-धीरे स्वशासी संस्थाओं की स्थापना करना था?

Ans
✗ 1. 1931
✓ 2. 1919
✗ 3. 1923
✗ 4. 1944

**Q.2** वर्धन राजवंश को निम्नलिखित में से किस नाम से भी जाना जाता था?

Ans
✗ 1. मौर्य वंश
✗ 2. नंद वंश
✓ 3. पुष्यभूति वंश
✗ 4. गुप्त वंश

**Q.3** कौन-सा मौलिक अधिकार, नागरिकों को जबरन श्रम या मानव तस्करी से संरक्षण प्रदान करता है?

Ans
✗ 1. स्वतंत्रता का अधिकार
✓ 2. शोषण के विरुद्ध अधिकार
✗ 3. संवैधानिक उपचारों का अधिकार
✗ 4. समानता का अधिकार

**Q.4** पंजाब और हरियाणा में भूजल के अतिदोहन का मुख्य कारण क्या है?

Ans
✗ 1. अल्प जलधारण क्षमता वाली बलुई मिट्टी की उपस्थिति
✓ 2. धान जैसी जल-गहन फसलों की कृषि
✗ 3. भूपृष्ठ जल के उपयोग पर सरकारी प्रतिबंध
✗ 4. घरेलू उपभोग के लिए जल का अत्यधिक उपयोग

**Q.5** भारत में, मिशन कर्मयोगी के तहत सिविल सेवकों हेतु कौन-सा प्लेटफॉर्म ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करता है?

Ans
✗ 1. ई-पाठशाला
✗ 2. SWAYAM
✗ 3. NISG पोर्टल
✓ 4. iGOT कर्मयोगी

Adda247

# Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.6 भूकंप के बाद सीस्मोग्राफ पर भूकंपीय तरंगों के आने का सही क्रम क्या है?

Ans
1. P-तरंगें, पृष्ठीय तरंगें, S-तरंगें
2. पृष्ठीय तरंगें, P-तरंगें, S-तरंगें
3. S-तरंगें, P-तरंगें, पृष्ठीय तरंगें
4. P-तरंगें, S-तरंगें, पृष्ठीय तरंगें ✔

Q.7 निम्नलिखित में से किसने 2 मई 2025 को भारतीय वायु सेना के उप-प्रमुख (Vice Chief of the Air Staff) के रूप में पदभार ग्रहण किया?

Ans
1. एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ✔
2. एयर मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया
3. एयर मार्शल अनिल चोपड़ा
4. एयर मार्शल एस.पी. धारकर

Q.8 भारत सरकार और रिजर्व बैंक के बीच मौद्रिक नीति रूपरेखा समझौते (MPFA) पर कब हस्ताक्षर किए गए?

Ans
1. 20 अप्रैल 2018
2. 14 अगस्त 2010
3. 8 दिसंबर 2007
4. 20 फरवरी 2015 ✔

Q.9 2025 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने और सेवन समिट्स (Seven Summits) चुनौती को पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय कौन बने?

Ans
1. विश्वनाथ पदकांति ✔
2. मालवथ पूर्णा
3. कृष्णा पाटिल
4. अर्जुन वाजपेयी

Q.10 किस भारतीय संस्थान ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से कम्प्यूटेशनल इंजीनियरिंग और मैकेनिक्स तथा इंस्ट्रूमेंटेशन और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में दो नए बीटेक कार्यक्रम शुरू किए हैं?

Ans
1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे
2. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर
3. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ✔
4. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

Q.11 भारत का राजमार्ग नेटवर्क दुनिया में सबसे बड़े नेटवर्क में से एक है। कौन-सी योजना राजमार्गों के विकास, विशेषकर आर्थिक गलियारों (corridors) पर केंद्रित है?

Ans
1. भारतनेट (BharatNet)
2. पी.एम. ग्राम सड़क योजना (PM Gram Sadak Yojana)
3. भारतमाला परियोजना (Bharatmala Pariyojana) ✔
4. सागरमाला (Sagarmala)

Q.12 मीडिया नैतिकता और AI पर वर्ष 2025 के ग्लोबल मीडिया डायलॉग में क्या घोषणा की गई?

Ans
1. ट्रुथ पैक्ट (TRUTH Pact)
2. न्यूट्रलिटी चार्टर (NEUTRALITY Charter)
3. वेव्स डिक्लेरेशन (WAVES Declaration) ✔
4. AI-ट्रस्ट कोड (AI-TRUST Code)

**Q.13** संविधान के किस अनुच्छेद में कहा गया है कि, 'कानून के प्राधिकार के बिना किसी भी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा'?

**Ans**
1. अनुच्छेद 368
2. अनुच्छेद 2
3. अनुच्छेद 111
4. अनुच्छेद 300A ✔

**Q.14** स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों पर स्टॉकहोम कन्वेंशन को पूर्णाधिकारियों के सम्मेलन (Conference of Plenipotentiaries) के रूप में किस वर्ष अपनाया गया था?

**Ans**
1. 2002
2. 2003
3. 2001 ✔
4. 2000

**Q.15** आप विंडोज़ में मेनू बार में मेनू (menus ) को कैसे ऐक्सेस कर सकते हैं?

**Ans**
1. मेनू बार खोलने के लिए F5 दबाकर।
2. मेनू खोलने के लिए Ctrl + M दबाकर।
3. मेनू को ऐक्ससे करने के लिए Alt और मेनू शीर्षक में रेखांकित अक्षर दबाकर। ✔
4. मेनू बार खोलने के लिए टाइटल बार पर राइट-क्लिक करके।

**Q.16** निम्नलिखित में से किस राज्य ने मई 2025 में भारत का पहला AI संचालित रियल टाइम फॉरेस्ट (AI Powered Real Time Forest alert system) अलर्ट सिस्टम प्रारंभ किया?

**Ans**
1. झारखंड
2. मध्य प्रदेश ✔
3. तमिलनाडु
4. कर्नाटक

**Q.17** अप्रैल 2025 में जारी पहली पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI) रिपोर्ट के अनुसार, कौन-से दो राज्य सबसे अधिक "फ्रंट रनर (front runner)" पंचायतों के साथ अग्रणी हैं?

**Ans**
1. गुजरात और तेलंगाना ✔
2. असम और पश्चिम बंगाल
3. छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश
4. मेघालय और नागालैंड

**Q.18** भौतिक विधियों द्वारा पृथक न किए जा सकने पर भी मिश्रधातु को मिश्रण क्यों माना जाता है?

**Ans**
1. मिश्रधातुएं सदैव चुम्बकीय होती हैं क्योंकि इनमें निश्चित संघटन वाली धातुएं होती हैं।
2. यह अपने संघटकों के गुणधर्मों को प्रदर्शित करती है और इसकी संघटन परिवर्ती हो सकती है। ✔
3. इसमें वाष्प रूप में केवल एक ही प्रकार का तत्व होता है।
4. यह केवल अधातुओं से ही बनती है।

**Q.19** डच ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में अपना पहला कारखाना __________ में स्थापित किया।

**Ans**
1. पांडिचेरी
2. कालीकट
3. पेटापुली ✔
4. गोवा

**Q.20** न्याय विभाग द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय ई-न्यायालय परियोजना का प्रमुख प्रयोजन क्या है?

**Ans**
1. पुलिस के लिए एक राष्ट्रव्यापी दूरसंचार प्रणाली स्थापित करना
2. जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों का डिजिटलीकरण एवं उन्नयन करना ✔
3. नए केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरणों का निर्माण करना
4. ग्रामीण क्षेत्रों में नए न्यायालय परिसरों का निर्माण करना

Adda247

Q.21 सर्दियों के महीनों के दौरान पश्चिम और उत्तर-पश्चिम से भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवेश करने वाले पश्चिमी चक्रवाती विक्षोभ निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से उत्पन्न होते हैं?

Ans
✗ 1. उत्तरी अटलांटिक महासागर
✓ 2. भूमध्य सागर
✗ 3. बाल्टिक सागर
✗ 4. काला सागर

Q.22 निम्नलिखित में से किस भारतीय नौसैनिक प्लेटफॉर्म ने अक्टूबर 2024 में आयोजित भारत-ओमान नौसैनिक अभ्यास नसीम-अल-बहर में भाग लिया?

Ans
✗ 1. INS शिवालिक और P-8I वायुयान
✗ 2. INS कोलकाता और सी गार्जियन ड्रोन
✓ 3. INS त्रिकंद और डोर्नियर समुद्री गश्ती वायुयान
✗ 4. INS विक्रांत और मिग-29K लड़ाकू जेट

Q.23 दिल्ली सल्तनत के दौरान, दबीर-ए-खास (Dabir-i-Khas) के नेतृत्व में कौन-सा विभाग शाही पत्राचार और आधिकारिक संचार का प्रबंधन करता था?

Ans
✓ 1. दीवान-ए-इंशा (Diwan-i-Insha)
✗ 2. दीवान-ए-अर्ज (Diwan-i-Arz)
✗ 3. दीवान-ए-रियासत (Diwan-i-Riyasat)
✗ 4. बरीद-ए-मुमालिक (Barid-i-Mumalik)

Q.24 भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) कब लॉन्च किया गया था?

Ans
✗ 1. 8 मार्च 2004
✓ 2. 12 अप्रैल 2005
✗ 3. 12 अप्रैल 2004
✗ 4. 26 जनवरी 2006

Q.25 भारत _______ से विश्व व्यापार संगठन (WTO) का सदस्य है।

Ans
✗ 1. 2005
✗ 2. 1990
✗ 3. 2000
✓ 4. 1995

Q.26 कर्नाटक के किस प्रसिद्ध वायलिन वादक को भारतीय शास्त्रीय संगीत में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2025 में, पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया?

Ans
✗ 1. रिकी केज
✓ 2. लक्ष्मीनारायण सुब्रह्मण्यम
✗ 3. अनंत नाग
✗ 4. गंगूबाई हंगल

Q.27 2025 में, भारत के किस क्षेत्र में कुकी समूहों ने जातीय तनाव को प्रबंधित करने के लिए बफर जोन के अनुरक्षण की मांग की?

Ans
✗ 1. नागालैंड
✗ 2. असम
✓ 3. मणिपुर
✗ 4. मिजोरम

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.28 | जेडी वेंस ने वर्ष 2025 में, संयुक्त राज्य अमेरिका के ________ उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। |
| Ans | ✗ 1. 48वें<br>✓ 2. 50वें<br>✗ 3. 49वें<br>✗ 4. 51वें |

| | |
|---|---|
| Q.29 | निम्नलिखित में से कौन-सी परियोजना, राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्रों में सिंचाई के उद्देश्य से निर्मित की गई है? |
| Ans | ✗ 1. कोसी परियोजना<br>✗ 2. हीराकुंड परियोजना<br>✓ 3. इंदिरा गांधी नहर परियोजना<br>✗ 4. चंबल परियोजना |

| | |
|---|---|
| Q.30 | 23 अप्रैल 2025 को, भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान के साथ किस संधि/समझौते को निलंबित करने की घोषणा की? |
| Ans | ✗ 1. ताशकंद घोषणा (Tashkent Declaration)<br>✗ 2. गैर-परमाणु आक्रमण समझौता (Non-Nuclear Aggression Agreement)<br>✓ 3. सिंधु जल संधि (Indus Waters Treaty)<br>✗ 4. शिमला समझौता (Simla Agreement) |

| | |
|---|---|
| Q.31 | निम्नलिखित में से किस बौद्ध ग्रंथ को उसके महत्व और शिक्षाओं के कारण प्रायः 'बौद्ध धर्म की गीता' कहा जाता है? |
| Ans | ✗ 1. वामसठपकासिनी<br>✗ 2. महायान सूत्र<br>✗ 3. सद्धर्मपुण्डरीक सूत्र<br>✓ 4. धम्मपद |

| | |
|---|---|
| Q.32 | अधिकांश सॉफ़्टवेयर ऐप्लिकेशनों में, Ctrl + S को कई बार प्रेस करने पर क्या होता है? |
| Ans | ✓ 1. नई फ़ाइल बनाए बिना सेव की गई फ़ाइल को अपडेट करता है<br>✗ 2. पिछले वर्जन को डिलीट करता है<br>✗ 3. डॉक्यूमेंट को वापस करता है<br>✗ 4. हर बार एक नई कॉपी सेव करता है |

| | |
|---|---|
| Q.33 | निम्नलिखित में से किस शहर में, अप्रैल 2025 में आर्मी कमांडरों (Army Commanders) का सम्मेलन आयोजित किया गया था? |
| Ans | ✗ 1. जोधपुर<br>✗ 2. चंडीगढ़<br>✗ 3. पुणे<br>✓ 4. नई दिल्ली |

| | |
|---|---|
| Q.34 | 1995 में, भौतिकविदों एरिक कॉर्नेल और कार्ल वीमन ने किस समस्थानिक का उपयोग करके पहला बोस-आइंस्टीन कंडेनसेट (BEC) बनाया? |
| Ans | ✓ 1. रूबिडियम-87<br>✗ 2. थोरियम-232<br>✗ 3. सोडियम-23<br>✗ 4. सीजियम-133 |

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.35 कौन-सा जल निकासी पैटर्न पेड़ की शाखाओं जैसा दिखता है और उत्तरी मैदानों की नदियों में सामान्य है?

Ans
✔ 1. द्रुमाकृतिक
✘ 2. जालीदार
✘ 3. अभिकेंद्रीय
✘ 4. अरीय

Q.36 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत में अधीनस्थ न्यायालयों के प्रमुख कार्य का सही तरीके से वर्णन करता है?

Ans
✘ 1. अंतर्राष्ट्रीय संधियों की व्याख्या करना
✘ 2. राज्य के लिए मसौदा कानून
✘ 3. उच्च न्यायालयों के निर्णयों की समीक्षा करना
✔ 4. जिला स्तर पर सिविल और आपराधिक विवादों का समाधान करना

Q.37 उग्रवादियों (Extremists) का उद्देश्य ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध लोगों में कौन-सी प्रमुख भावना जागृत करना था?

Ans
✘ 1. भय
✘ 2. सहानुभूति
✘ 3. निष्ठा
✔ 4. आक्रोश

Q.38 भारत के मध्य प्रदेश के खजुराहो में स्थित कंदरिया महादेव मन्दिर (Kandariya Mahadev Temple) के निर्माण का श्रेय किस चंदेल शासक को दिया जाता है?

Ans
✘ 1. यशोवर्मन
✔ 2. विद्याधर
✘ 3. धनगा
✘ 4. कीर्तिवर्मन

Q.39 शरीर की आंतरिक ध्वनियों, विशेषकर हृदय और फेफड़ों से आने वाली ध्वनियों को सुनने के लिए उपयोग किए जाने वाले चिकित्सा उपकरण का नाम क्या है?

Ans
✘ 1. बैरोमीटर (Barometer)
✘ 2. एंडोस्कोप (Endoscope)
✔ 3. स्टेथोस्कोप (Stethoscope)
✘ 4. कोलोनोस्कोप (Colonoscope)

Q.40 अप्रैल 2025 में प्रथम अंतर्राष्ट्रीय पेंशन अनुसंधान सम्मेलन (IRCP) का उद्घाटन किस भारतीय शहर में किया गया?

Ans
✘ 1. मुंबई
✔ 2. नई दिल्ली
✘ 3. केरल
✘ 4. उत्तर प्रदेश

Section : **Mathematics**

Q.1 एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹8,000 है। इस पर 10% और 15% की दो क्रमिक छूटें दी जाती हैं। समतुल्य एकल छूट की दर ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 24.5%
✔ 2. 23.5%
✘ 3. 22.5%
✘ 4. 25.5%

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.2** पाइप A किसी टैंक को 17 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 21 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 19 घंटे में भर सकता है। यदि वे सभी एक-साथ चालू कर दिए जाएं, तो उसी टैंक को भरने में कितना समय लगेगा?

Ans
✗ 1. $5\frac{309}{1079}$ घंटे
✗ 2. $13\frac{309}{1079}$ घंटे
✗ 3. $11\frac{309}{1079}$ घंटे
✓ 4. $6\frac{309}{1079}$ घंटे

**Q.3** एक घड़ी का अंकित मूल्य ₹2,860 है। एक व्यक्ति ने दो क्रमिक छूट प्राप्त करने के बाद घड़ी ₹2,390.96 में खरीदी, जिनमें से एक छूट 12% है। दूसरी छूट की दर क्या है?

Ans
✗ 1. 7%
✓ 2. 5%
✗ 3. 6%
✗ 4. 8%

**Q.4** दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, 80% पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया और 15% मत अवैध पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध मतों के 60% मत प्राप्त हुए तथा उसने 1394 मतों के अंतर से चुनाव जीत लिया। कुल कितने मतदाता पंजीकृत थे?

Ans
✗ 1. 10251
✓ 2. 10250
✗ 3. 10248
✗ 4. 10252

**Q.5** ₹625 की धनराशि, एक निश्चित वार्षिक ब्याज दर पर 2 वर्षों में ₹841 हो जाती है जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $17\%$
✗ 2. $18\%$
✓ 3. $16\%$
✗ 4. $19\%$

Adda247

**Q.6** यदि किसी त्रिभुज का आधार 28 cm है और संगत ऊँचाई 15 cm है, तो उसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 210 $cm^2$
✗ 2. 240 $cm^2$
✗ 3. 260 $cm^2$
✗ 4. 280 $cm^2$

**Q.7** संख्या 814242541 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
✗ 1. 15
✗ 2. 8
✗ 3. 12
✓ 4. 7

Q.8 एक बल्लेबाज द्वारा 23 मैचों में बनाए गए औसत रन 41 हैं। अगले 10 मैचों में, बल्लेबाज ने औसतन 15 रन बनाए। सभी 33 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए औसत रन (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 34.12
✗ 2. 32.12
✓ 3. 33.12
✗ 4. 35.12

Q.9 दो क्रमागत सम प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योग 2180 है। संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 72
✓ 2. 66
✗ 3. 82
✗ 4. 74

Q.10 निम्नलिखित आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

57, 96, 60, 91, 69, 50, 72, 16, 78, 73, 55

Ans
✓ 1. 69
✗ 2. 70
✗ 3. 68.5
✗ 4. 69.5

Q.11 $\triangle ABC$ में, D पर $BD \perp AC$ और $\angle DBC = 39°$ है। E, BC पर एक बिंदु इस प्रकार है कि $\angle CAE = 16°$ है। $\angle AEB$ की माप ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 74°
✗ 2. 82°
✓ 3. 67°
✗ 4. 66°

Q.12 $\frac{5}{4}+\left(\frac{1}{1+\frac{4}{7}}\right)-\frac{3}{4}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. $\frac{25}{22}$
✗ 2. $\frac{29}{32}$
✗ 3. $\frac{28}{19}$
✗ 4. $\frac{35}{12}$

Q.13 निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$2\left(\left(\frac{3}{2}\right)x^2 - 25x + 14\right) - 3(x^2 + 4x - 13)$$

Ans
✗ 1. −62x − 67
✓ 2. −62x + 67
✗ 3. 62x − 67
✗ 4. 62x + 67

**Q.14** अंजनी किसी निश्चित कार्य को 24 दिनों में पूरा कर सकती है। अंजनी और खुशबू मिलकर उसी कार्य को 20 दिनों में पूरा कर सकती हैं, तथा अंजनी, खुशबू और सुष्मिता मिलकर उसी कार्य को 8 दिनों में पूरा कर सकती हैं। अंजनी और सुष्मिता उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकती हैं?

Ans
- ✗ 1. $\frac{57}{7}$
- ✗ 2. $\frac{54}{9}$
- ✗ 3. $\frac{61}{8}$
- ✓ 4. $\frac{60}{7}$

**Q.15** आरती, अनिल और नवीन ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए क्रमशः ₹1,110, ₹1,760 और ₹1,230 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1,620 है, तो लाभ में नवीन का हिस्सा कितना है?

Ans
- ✗ 1. ₹483
- ✗ 2. ₹488
- ✗ 3. ₹487
- ✓ 4. ₹486

**Q.16** 12.15 m × 11.34 m विमाओं वाले एक फर्श को पूरी तरह से ढकने के लिए आवश्यक वर्गाकार टाइलों की न्यूनतम संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 210
- ✗ 2. 150
- ✗ 3. 230
- ✗ 4. 250

**Q.17** 2 वर्ष पहले, एक पिता की आयु उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 22 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्ष बाद, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी हो जाएगी?

Ans
- ✗ 1. 21
- ✓ 2. 20
- ✗ 3. 17
- ✗ 4. 16

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 5 से विभाज्य है?

Ans
- ✗ 1. 61,75,753
- ✗ 2. 65,67,359
- ✗ 3. 71,32,954
- ✓ 4. 70,48,030

**Q.19** $5^{-23} \times 16^{-23} \times 21^{-23}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. $\frac{1}{1680^{23}}$
- ✗ 2. $\frac{1}{1634^{23}}$
- ✗ 3. $\frac{1}{1725^{23}}$
- ✗ 4. $\frac{1}{1726^{23}}$

Adda247

Q.20 सपना ने ₹22,400 की धनराशि में से कुछ धनराशि 13% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से और शेष धनराशि 3% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की। यदि उसे 7 वर्षों के बाद दोनों निवेशों से बराबर ब्याज प्राप्त होता है, तो 13% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 4,200
✘ 2. 4,198
✘ 3. 4,197
✘ 4. 4,203

Q.21 M और N एक व्यवसाय शुरू करते हैं। M, 7 महीने के लिए N से ₹35,000 अधिक निवेश करता है और N, 5 महीने के लिए निवेश करता है। कुल ₹1,860 के लाभ में से M का शेयर N के शेयर से ₹372 अधिक है। M द्वारा निवेशित पूँजी ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. ₹5,35,000
✔ 2. ₹5,25,000
✘ 3. ₹6,00,000
✘ 4. ₹6,25,000

Q.22 एक बेलनाकार छड़ का बाहरी वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 1500 $cm^2$ है। यदि छड़ की लंबाई 68 cm है, तो छड़ की बाहरी त्रिज्या (cm में), दशमलव के दो स्थानों तक, ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए।)

Ans
✘ 1. 3.87
✔ 2. 3.51
✘ 3. 6.61
✘ 4. 3.69

Q.23 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\sqrt{196} + \sqrt{0.0324} - \sqrt{6.76}$$

Ans
✘ 1. 6.44
✘ 2. 4.64
✘ 3. 2.41
✔ 4. 11.58

Q.24 किसी यात्रा का एक-तिहाई भाग 2 km/hr की चाल से तय किया जाता है, अगला एक-तिहाई भाग 87 km/hr की चाल से तय किया जाता है और शेष यात्रा 53 km/hr की चाल से तय की जाती है। संपूर्ण यात्रा की औसत चाल (km/hr में, दशमलव के 1 स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 5
✘ 2. 2.7
✔ 3. 5.7
✘ 4. 8.3

Q.25 मैंने ₹1,200 में दो स्पीकर खरीदे। मैंने पहले स्पीकर को 8% की हानि पर और दूसरे स्पीकर को 22% के लाभ पर बेच दिया। यदि, कुल मिलाकर मुझे न तो हानि हुई और न ही लाभ हुआ, तो पहले स्पीकर का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 880
✘ 2. 900
✘ 3. 864
✘ 4. 904

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.26 किसी वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के $\frac{4}{14}$ पर बेचने पर, आकाश को 30% की हानि होती है। यदि वह इसे इसके वास्तविक विक्रय मूल्य के 54% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 32.6%
2. 33.8%
3. 32.3% ✔
4. 34.8%

Q.27 निम्न का मान ज्ञात कीजिए:

$$\frac{\sin^2 40° + \sin^2 50°}{\cos^2 40° + \cos^2 50°} - \frac{\sec^2 50° - \cot^2 40°}{\cos^2 20° + \cos^2 70°}$$

Ans
1. $-2$
2. $-1$
3. $0$ ✔
4. $2$

Q.28 यदि 9 और 57 का तृतीयानुपाती x हो, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 364
2. 363
3. 361 ✔
4. 358

Q.29 किसी संख्या में 100% की वृद्धि करने पर 2790 प्राप्त होता है। संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 4185
2. 2790
3. 1395 ✔
4. 697.5

Q.30 एक व्यक्ति 84 km/hr की चाल से कार चलाकर एक पुल को 1.6 मिनट में पार करता है। पुल की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 2.24 km ✔
2. 1.82 km
3. 1.81 km
4. 2.46 km

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 यदि संख्या 3851764 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे तथा दाएं से तीसरे अंकों का योग क्या होगा?

Ans
1. 10
2. 8
3. 7
4. 16 ✔

Q.2 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. BH - LD ✔
2. HN - RI
3. DJ - NE
4. FL - PG

Adda247

Q.3 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1500, 3005, 6015, 12035, 24075, ?

Ans
✔ 1. 48155
✘ 2. 48015
✘ 3. 48200
✘ 4. 48105

Q.4 यदि संख्या 6243514 के प्रत्येक विषम अंक में 3 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
✔ 1. एक
✘ 2. एक भी नहीं
✘ 3. तीन
✘ 4. दो

Q.5 यदि संख्या 7431856 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक दाएँ से दूसरा अंक होगा?

Ans
✘ 1. 8
✘ 2. 2
✘ 3. 4
✔ 4. 6

Q.6 A, H की बहन है। H, E का पिता है। E, N का पुत्र है। M, N की माता है। A का N से क्या संबंध है?

Ans
✘ 1. पुत्री के पति की बहन
✘ 2. पुत्री के पति की माता
✔ 3. पति की बहन
✘ 4. पति की माता

Q.7 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

35 50 70 95 125 ?

Ans
✘ 1. 175
✘ 2. 165
✘ 3. 170
✔ 4. 160

Q.8 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ ट्रक, कारें हैं।
कुछ कारें, बोतलें हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ ट्रक, बोतलें हैं।
(II) सभी बोतलें, कारें हैं।

Ans
✔ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.9 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

YTQ UPM QLI MHE ?

Ans
1. IDB
2. IEB
3. IEA
4. IDA

Q.10 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।
(नोटः सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।)

(बाएँ) 1 $ 2 6 7 3 * & 4 β μ 2 5 % 9 0 2 3 6 # @ 8 (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीक हटा दिए जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, बाएँ से पाँचवीं होगी?

Ans
1. 3
2. 2
3. 1
4. 4

Q.11 दर्शन बिंदु Y से यात्रा शुरू करता है और पश्चिम की ओर 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। अंततः वह दाएं मुड़ता है, 8 km ड्राइव करता है और बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 6 km, दक्षिण की ओर
2. 5 km, पश्चिम की ओर
3. 4 km, उत्तर की ओर
4. 4 km, पूर्व की ओर

Q.12 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. GKF
2. JNH
3. MQK
4. PTN

Q.13 सात बॉक्स C, D, E, M, N, O और P एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में हों।
केवल D को N के ऊपर रखा गया है। N और O के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल P को C के नीचे रखा गया है। E को O के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है।
M और P के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. एक
2. दो
3. तीन
4. चार

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.14** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) @ 7 8 % * Ω 2 1 # 4 3 0 π 9 μ 7 8 Ω # 9 β (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
- ✔ 1. एक
- ✘ 2. एक भी नहीं
- ✘ 3. तीन
- ✘ 4. चार

**Q.15** ग्यामेल बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 20 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 18 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 23 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 25 km ड्राइव करता है। फिर वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
- ✘ 1. 4 km दक्षिण की ओर
- ✘ 2. 6 km उत्तर की ओर
- ✘ 3. 5 km पश्चिम की ओर
- ✔ 4. 7 km दक्षिण की ओर

**Q.16** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ पेपर, मसालेदार हैं।
सभी मसालेदार, मिर्च हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ पेपर, मिर्च हैं।
(II): सभी मिर्च, मसालेदार हैं।

Ans
- ✘ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✘ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✔ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✘ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Q.17** उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे व्यक्तियों की एक पंक्ति में, नव्या बाएं छोर से $12^{वें}$ स्थान पर है। उमा बाएं छोर से $19^{वें}$ स्थान पर है। नव्या और दिलीप के ठीक बीच में उमा बैठी है। यदि दिलीप पंक्ति के दाएं छोर से $13^{वें}$ स्थान पर है, तो पंक्ति में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✘ 1. 35
- ✘ 2. 34
- ✔ 3. 38
- ✘ 4. 37

**Q.18** उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

MT-OV-QS
OV-QX-SU

Ans
- ✔ 1. HO-JQ-LN
- ✘ 2. GO-JQ-LM
- ✘ 3. GO-IQ-LM
- ✘ 4. HO-JQ-LM

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.19** राजेश, हीरा, नीतू, संतोष, पूजा और आरती एक वृत्त परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। राजेश, आरती के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। आरती, पूजा के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठी है। नीतू, संतोष के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठी है। संतोष के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
1. पूजा ✗
2. आरती ✗
3. हीरा ✓
4. राजेश ✗

**Q.20** एक निश्चित कूट भाषा में, 'WIRE' को '4726' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'EAST' को '5173' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 3 ✗
2. 5 ✗
3. 6 ✗
4. 7 ✓

**Q.21** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. SL-NQ ✗
2. VO-QT ✗
3. TM-OS ✓
4. XQ-SV ✗

**Q.22** निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों के प्रत्येक समूह का संबंध एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।
GAIN - AIGN - NIAG
SINE - INSE - ENIS

Ans
1. SEAT - SAET - TAES ✗
2. MONK - OMNK - KONM ✗
3. RICE - ICRE - ECIR ✓
4. GAME - AMGE - AMEG ✗

**Q.23** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

76 , 87 , 101 , 118 , 138 , ?

Ans
1. 164 ✗
2. 161 ✓
3. 162 ✗
4. 159 ✗

**Q.24** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(2, 49, 15)
(29, 112, 18)

Ans
1. (28, 106, 18) ✗
2. (39, 134, 20) ✗
3. (30, 75, 5) ✓
4. (11, 63, 15) ✗

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.25 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

MARK - MKRA - KRAM
PLAY - PYAL - YALP

Ans
1. TRAY - TRYA - RAYT
2. FIRE - IFRE - EIRF
3. GATE - GTAE - ETAG
4. BUSH - BHSU - HSUB ✔

Q.26 H, I, J, P, Q, R और S एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q और H दोनों का निकटतम पड़ोसी I है। H, P के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। R, P के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। J, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है। S के बाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. H
2. P
3. Q ✔
4. J

Q.27 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'FATE' को '2357' और 'TURN' को '4126' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 4
2. 2 ✔
3. 6
4. 5

Q.28 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

KPV RWC YDJ FKQ ?

Ans
1. MUY
2. MYU
3. MRX ✔
4. MXR

Q.29 एक कक्षा के सभी 30 विद्यार्थी उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। आलोक दाएं छोर से 12वें स्थान पर है, जबकि अमन बाएं छोर से 16वें स्थान पर है। आलोक और अमन के बीच कितने विद्यार्थी खड़े हैं?

Ans
1. 3
2. 4
3. 2 ✔
4. 5

Q.30 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा,?

28 + 42 × 2 − 4 ÷ 3 = ?

Ans
1. 19 ✔
2. 37
3. 31
4. 24